कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.02.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

पाटणकर कन्या महाविद्यालय में सरस्वती पूजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में संगीत विभाग, नृत्य विभाग, चित्रकला एवं मूर्तिकला तथा इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) एवं निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई–3 की प्राचार्या डॉ. अश्वनी महाजन, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मिलिन्द अमृतफले एवं अन्य प्राध्यापकों ने माँ सरस्वती का पूजन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं ने संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले के संगीत निर्देशन में सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। साथ ही नृत्य विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री सृष्टी मन्ना के निर्देशन में नृत्य विभाग की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। साथ ही निराला जयंती भी उत्साह से मनाई गई। हिन्दी विभाग की छात्रा कु. वर्षा ने निराली जी की प्रसिद्ध कविता ''तोड़ती पत्थर'' का प्रस्तुतिकरण किया।

इस आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को उद्बोधित किया और छात्राओं को मेहतन से अध्ययन करने का आहवान किया और अभिभावकों व संस्था का नाम उज्जवल करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने बहुत ही सधे हुए अंदाज में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुती दी। राग मालकौंस में बसंत ऋतु का वर्णन करती हुए बंदिश आपने प्रस्तुत की जो अत्यंत मनमोहक थी।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्राएँ तथा कार्यालय स्टॉफ उपस्थित थे। इन्होंने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की एवं आनंद उठाया। अंत में संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने आभार व्यक्त किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 04.02.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//